फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री जग्गाराम पिता जवानाराम सालवी, निवासी बासडाई लाखागुड़ा, तहसील भीम जिला राजसमन्द

—अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम

— प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा— अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 30/2019**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाए जारी की गई
	दिनांक 07.10.2019 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम द्वारा जरिये क्रमांकः भू.अ./सू.अ./2019/1474 दिनांक 27.09.2019 से प्राप्त रिपोर्टानुसार प्रार्थी अपीलान्ट का आवेदन पत्र दिनांक 23.01.2019 सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत इस कार्यालय को दिनांक 29.01.2019 को प्राप्त हुआ था जिसमें आवेदक द्वारा पटवार मण्डल लाखगुड़ा के राजस्व ग्राम नाबरी के आराजी न. 25,30,36,42,47,50,97,101,122,665, 663,660,1465,1464,282,231,229,63,1021,70,1071,1099,1094,2121,2404,664,1307,449 661,120,121,122,123,124,125,111,112,13 व 14 की भूमि की विक्रम संवत 2010 से 2014 तक की चौसाला जमाबन्दी की प्रमाणित प्रतिलिपि चाही गयी। प्रार्थी अपीलान्ट ने समान सूचना का आवेदन पत्र दिनांक 25.02.2019 श्रीमान को भी प्रस्तुत किया गया जो श्रीमान के पत्र क्रमांक एफ–1/सू.अ. 05/2019/184–185 दिनांक 27.02.2019 द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3)(1)(11) के तहत इस कार्यालय को दिनांक 05.03.2019 को प्राप्त हुआ। प्रार्थी/अपीलान्ट के आवेदन एवं श्रीमान के पत्रांक दिनांक 27.02.2019 के अनुपालना में इस कार्यालय के पत्र क्रमांक सू.अ./भू.अ./19/510 दिनांक 14.03.2019 के संलग्न पृष्ठ 26 आवेदित नकले प्रार्थी को जरिये डाक प्रेषित की गई एवं सन्दर्भ प्रति श्रीमान लोक सूचना अधिकारी अति0 जिला कलक्टर महोदय राजसमन्द को भेजी गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा	

राजसमन्द (राज.)

प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम की रिपोर्टानुसार अपीलार्थी को अभिलेख पर उपलब्ध अनुसार वांछित सूचना उसके पते पर जरिये डाक प्रेषित की जा चूकी है।

अतः अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)राजसमन्द

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)